डीआर भोपाल

डिजीटल अखबार

भोपाल, बैरागढ़, वीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | कार्तिक शुक्ल पक्ष 09 - 2083 | भोपाल,दिन बुधवार 18,नवम्बर 2026

न्यूज गैलरी

पत्नी को तीन तलाक देकर जान से मारने की धमकी

भोपाल। खुजराना इलाके में एक महिला ने पति पर तीन बार तलाक बोलकर रिश्ता खत्म करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। तलैया पुलिस ने पति तौसीफ के खिलाफ मामला दर्ज किया है। महिला की शादी 11 अक्टूबर 2014 को हुई थी। उसका आरोप है कि पति और ससुराल पक्ष उसे परेशान करते थे। 19 मई को उसने मोबाइल मैसेज के माध्यम से शिकायत की थी। मामला न्यायालय में विचाराधीन है। महिला फिलहाल दोनों बच्चों के साथ मायके में रह रही है।

भगवान सहस्त्रबाहु जयंती हर्षोल्लास से मनाई

भोपाल। सरकार श्री होम्योपैथिक मिश्रिलाल महाविद्यालय परिसर स्थित भगवान सहस्त्रबाहु मंदिर में जयंती समारोह मनाया गया। आरंभ की शुरुआत हवन से हुई। इसके बाद भगवान की आरती और प्रसाद वितरण किया गया। संस्था संचालक सुप्रसन्न चौकसे ने भगवान सहस्त्रबाहु के जीवन और वंशावली परंपरा से जानकारी साझा की। कार्यक्रम में प्राध्यापक डॉ. निशांत खरे, प्रतिभा सूरज चौकसे सहित समाज के कई बंधुबांधु शामिल हुए।

ऐशबाग सहित 35 इलाकों में आज बिजली कटौती

भोपाल। राजधानी के करीब 35 क्षेत्रों में बुधवार को 2:30 से 6 घंटे तक बिजली सप्लाई प्रभावित रहेगी। बिजली कंपनी के डाटाबेस प्लान के अनुसार सुबह 7 से 10 बजे तक खुजमा, नौलखा और सतपुड़ा में बिजली बंद रहेगी। यहां असोक विहार, अशोका गार्डन, गोविंदपुरा, न्यू सुभाष नगर, अर्जुन नगर, गुरुनानकपुरा, देवाश्रय और जनता क्वार्टर सहित कई इलाकों में सुबह 10 से शाम 4 बजे तक कटौती होगी। सतेमा, सनखेड़ी और खैदीए कॉलोनी में भी बिजली प्रभावित रहेगी।

डीआईजी तरुण नायक होंगे मप्र पुलिस के नए प्रवक्ता

भोपाल। मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय ने डीआईजी तरुण नायक को नया प्रवक्ता नियुक्त किया है। पुलिस महानिदेशक जीतेंद्र सिंह गंगवार ने 13 नवंबर 2026 को इस संबंध में आदेश जारी किया। तरुण नायक प्रदेश में जनसूचना-व्यवस्था से जुड़ी घटनाओं और महत्वपूर्ण मामलों की जानकारी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को देंगे। उन्हें पुलिस मुख्यालय डी और से आधिकारिक ब्रीफिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

भोपाल में आज से महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का रोमांच

भोपाल। राजधानी में 19 से 28 नवंबर तक महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी-2026 का आयोजन होगा। टूर्नामेंट में भारत, चीन, जापान, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड की टीमें हिस्सा लेंगी। पहले दिन चीन और थाईलैंड के बीच दोपहर 12:15 बजे मुकाबला होगा। वहीं भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत मलेशिया के खिलाफ करेगी। टूर्नामेंट का फाइनल 28 नवंबर को खेला जाएगा।

भाजपा में खाली पदों पर आज होगी नियुक्तियां, जिला प्रभारियों से मांगी गई नामों की सूची

भोपाल। मध्यप्रदेश भाजपा संगठन ने खाली पड़े पदों को भरने की तैयारी तेज कर दी है। 18 नवंबर को प्रदेश पदाधिकारियों, मोर्चों और प्रकोष्ठों की बैठक होगी।

कोर्ट की टिप्पणी एससी-एसटी आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी, किसी सीट को आरक्षित कराने का अधिकार नहीं

समुदायों की आबादी के अनुपात में होनी चाहिए, महाराष्ट्र के 2025 के संशोधन को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल

अदालत बोली- आरक्षित निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या संबंधित समुदायों की आबादी के अनुपात में होनी चाहिए, महाराष्ट्र के 2025 के संशोधन को चुनौती देने वाली याचिका खारिज



"नई दिल्ली।" सुप्रीम कोर्ट ने अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए निर्वाचन क्षेत्रों के आरक्षण को लेकर महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। अदालत ने स्पष्ट किया कि किसी उम्मीदवार या व्यक्ति को यह मांग करने का अधिकार नहीं है कि उसका निर्वाचन क्षेत्र एससी या एसटी समुदाय के लिए आरक्षित किया जाए। आरक्षण का निर्धारण कानून और संवैधानिक क्षेत्र की आबादी के अनुपात के आधार पर किया जाता है। सरकार का निर्णय भी तब तक चुनौती के दायरे में नहीं आएगा, जब तक आरक्षित सीटों की संख्या संबंधित समुदायों की आबादी के अनुपात में निर्धारित है।

जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने सोमवार को यह टिप्पणी महाराष्ट्र जिला परिषद और पंचायत समिति अधिनियम, 1961 में वर्ष 2025 में किए गए संशोधन को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान की। याचिकाकर्ताओं ने आरक्षित निर्वाचन क्षेत्रों के रोटेशन से जुड़े नए प्रावधान पर आपत्ति जताई थी।

आबादी के अनुपात में आरक्षण जरूरी

सुनवाई के दौरान पीठ ने याचिकाकर्ताओं से पूछा कि क्या किसी मतदाता या उम्मीदवार को यह अधिकार है कि उसका निर्वाचन क्षेत्र एससी एसटी के लिए आरक्षित किया जाए? अदालत ने स्पष्ट लहजा में कहा कि ऐसा कोई अधिकार नहीं है। कानून के तहत केवल यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि आरक्षित सीटों की कुल संख्या संबंधित समुदाय की चुनावी इलाई में एससी-एसटी समुदायों की आबादी के अनुपात में हो।

पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने ऐसा कोई मामला प्रस्तुत नहीं किया है, जिसमें आरक्षित सीटों की निर्धारित संख्या में कमी का संकेत लगाया गया हो। अदालत ने संशोधित नियमों को संवैधानिक आदेशों के अनुरूप मानते हुए याचिका खारिज कर दी। हालांकि, याचिकाकर्ताओं को संबंधित सक्षम प्राधिकारी के समक्ष अपना पक्ष रखने और प्रतिनिधित्व प्रस्तुत करने की छूट दी।

नए चुनाव से आरक्षण का रोटेशन फिर शुरू करने पर आपत्ति

महाराष्ट्र सरकार के रोटेशन के अनुसार, अगला आम चुनाव एससी-एसटी समुदायों के लिए आरक्षित निर्वाचन क्षेत्रों के रोटेशन की शुरुआत माना जाएगा। याचिकाकर्ताओं का तर्क था कि इससे आरक्षण के पुराने रोटेशन चक्र का रिकॉर्ड और उसका आधार समाप्त होगा। कुछ ऐसे निर्वाचन क्षेत्र, जिन्हें पुराने चक्र के अनुसार आरक्षित होना चाहिए था, नए प्रावधान के कारण आरक्षण से बाहर हो सकते हैं।

याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता विनीत साथी ने कोर्ट को बताया कि महाराष्ट्र में पिछले 10 वर्षों से चुनाव नहीं हो पा रहे हैं। उनका कहना था कि निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं, वोटरलिस्ट या संख्या में बदलाव के बावजूद अब पुराने चुनावी क्षेत्र को वापस नहीं किया जा सकता। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ताओं को इस बात को ध्यान में रखना चाहिए।

20 लाख रुपए का लालच देकर महिला से सोने के जेवर ठगे

भोपाल। खजूरी खास क्षेत्र में दो अज्ञात युवकों ने 20 लाख रुपए का लालच देकर 52 वर्षीय महिला से सोने के जेवर ठग लिए। आरोपी महिला को नोटों के बंडल दिखाकर एक जैसे दिखने वाले प्लास्टिक के टुकड़े और नोट लेकर फरार हो गए। घर पहुंचने पर महिला को बैग में नोटों की जगह कागज और जेवरों की जगह पत्थर व कांच का टुकड़ा मिला। पुलिस के अनुसार फैरोज कुम्हारपुरा निवासी श्वेता शिवकरण अहिरवाड़ी में काम करती है। एक नवंबर को सुबह करीब दो बजे वह इकबाल मैदान के पास मस्जिद की सीढ़ियों पर महिला से मिली। आरोपियों ने बदले में बैग और सफेद रुमाल में कोई सामग्री थमा दी। उसी दिन घर जाने पर महिला ने अपने पति के साथ ठगी का मामला दर्ज कराया।

रातापानी में डीजे पर शिवराज नाथ, वन विभाग ने मांगी रिपोर्ट

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल

वन विभाग ने रातापानी टाइगर रिजर्व के कोर और संवेदनशील क्षेत्र में बिना अनुमति रात में डीजे-डीजे के साथ गाने-बजाने का कार्यक्रम करने के मामले में जांच के आदेश दिए हैं। आयोजन 24 अक्टूबर की रासलीला के नौलखा में हुआ था। इसमें केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और बुदनी विधायक रामकांत भार्गव भी एतीथों के साथ डांस करते नजर आए थे।

शिकायत पर वीडियो लाइफ वार्डन डॉ. समीक्षा राजौरा ने गोपाल तौतीएक सिंघिल सुलह को पत्र लिखकर तीन दिन में जांच रिपोर्ट मांगी है।

जांच में पाया गया कि आयोजन सिर्फ अनुमति किसी दी और बनावटी सेवाएं निर्माण का प्रस्ताव हुआ था नहीं। वाइल्ड लाइफ एक्टिविस्ट अनुज दुबे ने 24 अक्टूबर को ईमेल से शिकायत की थी। उनका आरोप है कि नौलखा अधिसूचित डिटेक्टिव टाइगर रेसिडेंट में आता है, जहां रात में तेज अवाज प्रतिबंधित है। शिकायत में भीड़, प्रॉप्स सुरक्षा और प्रचार में बनकर्मियों की पुलिस पर भी उपयोग उठाए गए हैं।

एलपीजी के साथ पेट्रोल-डीजल के दाम भी बढ़ने की आशंका

डीलर्स ने कमीशन में 30 से 40 प्रतिशत तक बढ़ोतरी की मांग की, मंत्रालय और

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल



देश में एलपीजी सिलेंडर के साथ पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका लगाई जा रही है। ऑयल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन और पेट्रोल पंप संचालकों ने सरकार तथा सरकारी तेल कंपनियों से अपना कमीशन बढ़ाने की मांग की है। डीलर्स ने पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के साथ इंडियन ऑयल, बीपीसीएल और एचपीसीएल के सम्मा अपना पक्ष रख रहा है।

डीलर्स का कहना है कि वर्ष 2017 से उनका कमीशन लगभग स्थिर है, जबकि कर्मचारियों की सैलरी, बिजली बिल और संचालन खर्च कई गुना बढ़ चुके हैं। एलपीजी सिलेंडर पर फिलहाल उन्हें 25 रुपए के कमीशन में बढ़ोतरी चाहते हैं। वहीं पेट्रोल-डीजल डीलर्स ने अपने कमीशन में 30 से 40 प्रतिशत तक वृद्धि की मांग रखी है।

10 साल में 18 संशोधन लंबित

डीलर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के मुताबिक, तेल कंपनियों और डीलर्स के बीच हुए समझौते में पक्ष में कम से कम दो बार कमीशन की समीक्षा का प्रावधान है। इसके बावजूद पिछले नई वर्षों से करीब 10 संशोधन लंबित हैं। छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ते खर्च के कारण कारोबार चलाना मुश्किल हो रहा है। हालांकि, कमीशन बढ़ाने की मांग पर मंत्रालय की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। कमीशन बढ़ाने की मांग से पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की कीमतों में संभावित बदलाव को लेकर सभी तेज हो गई है।

27: ओबीसी आरक्षण पर जल्द सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के आसार,

डीआर संवाददाता ▸▸ जबलपुर

मध्यप्रदेश में 27: ओबीसी आरक्षण का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। राज्य सरकार की ओर से वकील विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) में सुप्रीम कोर्ट एक्सिटी द्वारा कार्ड गई 13 तकनीकी खामियों को दूर कर दिया गया है। इसके बाद याचिका को एसएलपी (सी) क्रमांक 0401419/2026 आवंटित किया गया है। इसका डायरी क्रमांक 68578/2026 है। कविवार को नवंबर मिलने के बाद सामने में पहले सुनवाई होने की संभावना जताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, रजिस्ट्री ने दस्तावेजों की पूर्ण संख्या में विसंगति, कमियों का निवारण नहीं होने और जरूरी दस्तावेजों की कमी बताते 13 तकनीकी आपत्तियां दर्ज की थीं। राज्य सरकार ने सभी खामियों को दूर कर संशोधित दस्तावेज जमा कर दिए हैं।हाईकोर्ट ने 28 अक्टूबर 2026 को प्रदेश में 27: ओबीसी आरक्षण के प्रावधान को निरस्त करते हुए 14 आरक्षण को मान्य किया था। राज्य सरकार ने इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। सरकार की प्रारंभिक याचिकाओं के आदेश पर स्थगन प्राप्त करना है, ताकि 27: ओबीसी आरक्षण का प्रावधान फिर से लागू किया जा सके।

तूफान अकवन का असर, दो दिन बाद प्रदेश में बारिश के आसार

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल



बंगाल की खाड़ी में सक्रिय चक्रवाती तूफान अकवन का असर मध्यप्रदेश के मौसम पर दिखाई देने लगा है। भोपाल सहित प्रदेश के कुछ जिलों में बादलों की आवाजाही शुरू हो गई है। मौसम से जानकारों के बताते अगले एक-दो दिनों में रात के तापमान में करीब दो डिग्री तक बढ़ोतरी होने की संभावना है। इसके बाद 19 से 22 नवंबर के बीच भोपाल सहित प्रदेश के कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी में सक्रिय तूफान अकवन 19 नवंबर की सुबह तक और अधिक तीव्र होकर अति भीषण चक्रवाती तूफान में बदल सकता है।

इसके प्रभाव से प्रदेश में मौसम का मिजाज बदलेगा। बादल और बारिश के कारण दिनभर रात की ठंड से कुछ राहत मिल सकती है। हालांकि, बारिश का दौर लगातार होगा जो बाद 23 नवंबर से तापमान में गिरावट के साथ रातों का असर ठंडी हो बढ़ने की संभावना है।

पत्रकारिता की आड़ में आठ राज्यों के सरपंचों से वसूली, चार युवतियां गिरफ्तार

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल



राजधानी के हर्षवर्धन नगर स्थित एक अखबार के कार्यालय से आठ राज्यों के सरपंचों को ब्लैकमेल, धमकी देने एवं वसूली सामने आया है। मुखबिरतंत्र की सूचना पर हुई दबिश में पुलिस ने चार युवतियों को गिरफ्तार किया है।

पंचायत पोर्टल से जुटाते थे मोबाइल नंबर

जांच के अनुसार, गिरोह महापंचायत पोर्टल से सरपंचों, पाम सेवकों और संपन्न प्रतिनिधियों के नाम, पते और मोबाइल नंबर जुटाता था। इसके बाद करीब 25 गुप्तलिंग ग्रुप बनाकर राज्यों के सरपंचों को स्थानीय भाषा में फोन करती थीं।

नागपुर की शिकायत से भोपाल तक पहुंचे तार

नागपुर की सरपंच तहरीन की शिकायत पर मामले पर सूचनाएं मिलने के बाद पुलिस ने शिकायत की थी कि उनसे विज्ञापन के नाम पर लगातार 3 हजार रुपए मांगे जा रहे थे। जांच में सोशल मीडिया और बैंक खातों के तार भोपाल से जुड़े मिले। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के संज्ञान के बाद वर्सरेंजर तेज हुई।

पुलिस ने मोनिका लाल सिंह सूर्यवंशी, लेखा लाल सिंह, अंशरा सिलिंद अर्स और कोमल मोहन मोरे को गिरफ्तार किया। चारों को ट्रांजिट रिमांड पर नागपुर ले जाया गया है। पुलिस को लाखों से करोड़ों रुपए तक की वसूली की आशंका है। बैंक खातों और मोबिल रजिस्टर की जांच जारी है।

होगी चर्चा गांधी सागर के बैकवॉटर में होगी डेस्टिनेशन कैबिनेट, क्रूज से बैठक स्थल पहुंचेंगे सीएम

हिंगलाज मंदिर से गांधी सागर फॉरेस्ट रिट्रीट तक क्रूज से करेंगे सफर, निवेश और उद्योगों से जुड़ी नीतियों पर होगी चर्चा

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल



मध्यप्रदेश की मोहन सरकार इस बार कैबिनेट बैठक को खास अंदाज में आयोजित करने जा रही है। मंदसौर जिले के गांधी सागर डैम के बैकवॉटर में डेस्टिनेशन कैबिनेट की बैठक होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित कैबिनेट के मंत्री हिंगलाज मंदिर से क्रूज में सवार होकर गांधी सागर फॉरेस्ट रिट्रीट पहुंचेंगे। पानी के बीच क्रूज से बैठक स्थल तक पहुंचना इस आयोजन का मुख्य आकर्षण रहेगा।

निवेश और उद्योगों को मिलेगा बढ़ावा

बैठक में प्रदेश में औद्योगिक निवेश बढ़ाने और उद्योगों को सहूलियत देने से जुड़ी महत्वपूर्ण नीतियों पर चर्चा होगी। सरकार इस दौरान नई निवेश प्रोत्साहन नीति को अंतिम रूप देने के संकेत दे सकती है। इसका उद्देश्य बड़े निवेश प्रस्तावों को आकर्षित करना और औद्योगिक परियोजनाओं की स्थापना के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना है।

पर्यटन स्थलों को मिलेगी नई पहचान

सरकार इस आयोजन के जरिए प्रदेश के पर्यटन स्थलों को भी नई पहचान देना चाहती है। गांधी सागर का प्राकृतिक वातावरण और विशाल बैकवॉटर बैठक को विशेष स्वरूप देंगे। सरकार को उम्मीद है कि इस पहल से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इससे ही बैठक में होने वाले फैसले प्रदेश के औद्योगिक विकास और निवेश की दिशा और दशा तय करेंगे।

गांधीसागर को मिलेगी नई पहचान, रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल



मध्यप्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक शुक्रवार 15 नवंबर को मंदसौर जिले के गांधीसागर में आयोजित होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह बैठक अब तक हुई कैबिनेट बैठकों से अलग होगी। इसके माध्यम से गांधीसागर को नई पहचान मिलेगी और भविष्य में पर्यटन के अवसर बढ़ेंगे।

मुख्यमंत्री ने गांधीसागर पंप स्टोरेज परियोजना को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे पानी को रिसइकल कर पीक आवर्स में बिजली से बिजली उपलब्ध कराई जा सकेगी। इससे प्रदेश को आर्थिक लाभ मिलेगा और बिजली की उपलब्धता बेहतर होगी।

पर्यटन को भी मिलेगा बढ़ावा

डॉ. यादव ने कहा कि गांधीसागर क्षेत्र में पीला प्रोजेक्ट संचालित है। यहां लाखों साल पुरानी स्फटिक की शिलाएं और पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। बेहतर जनसुविधाओं से पर्यटकों को भी लाभ मिल रहा है। डेस्टिनेशन कैबिनेट बैठक के जरिए प्रदेश के महत्वपूर्ण स्थानों को पहचान दिलाने के साथ रोजगार के नए अवसर विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैलूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर कार्तिक शुक्ल पक्ष 09 - 2083 सीहोर, दिन बुधवार 18, नवंम्बर 2026

न्यूज गैलरी

वीएचएनडी सत्रारू 1,172 बच्चों को लगाया टीका

सीहोर। जिले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए मंगलवार को 220 स्थानों पर विलेज लेवल एंड मॉड्यूलेशन डे (वीएचएनडी) सत्र आयोजित किए गए। गुरुआ चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुवीर कुमार डेहरिया के निर्देशन में आयोजित सत्रों में 0 से 1 वर्ष आयु के 891 तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 361 बच्चों सहित कुल 1,172 बच्चों का टीकाकरण किया गया।

रोजगार मेलारू 382 का पंजीयन, 203 का चयन

सीहोर। डॉ. अंबेडकर शासकीय महिला आईटीआई सीहोर में रोजगार स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में 382 युवक-युवतियों ने पंजीयन कराया, जिनमें 203 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन किया गया। मेले में शामिल 11 कंपनियों के प्रतिनिधियों ने साक्षात्कार लिए। दो शिक्षार्थियों को मौके पर 25 हजार रुपये के ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए।

खांस अभियान 28 तक, 1.62 लाख बच्चे शामिल

सीहोर। जिले में खांस अभियान 12 नवंबर 2026 से 28 फरवरी 2027 तक चलेगा। अभियान में 1 लाख 62 हजार 137 बच्चों को शामिल किया गया है। आशा और स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जा रही हैं। बच्चों में खांसी, बुखार, सांस होने में कठिनाई जैसे लक्षण तलाश रहे हैं। संदेह पर जांच कराई जा रही है। इलाज भी सुनिश्चित किया जा रहा है। वहीं राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह 15 से 21 नवंबर तक मनाया जा रहा है।

हितग्राहियों को निःशुल्क घरमे वितरित किए

सीहोर। विश्व सीओपीडी दिवस के अवसर पर आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में धूम्रपान एवं तंबाकू सेवन से बचने तथा सांस संबंधी परेशानी होने पर चिकित्सकीय परामर्श लेने की सलाह दी गई। इसके साथ ही 40 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के लिए विशेष नेब्र परीक्षण शिविर लगाए गए। पात्र हितग्राहियों को निःशुल्क घरमे वितरित किए गए।

देवउठनी एकादशी से शुरू होंगे शुभ कार्य

सीहोर। हिंदू धर्म में देवउठनी एकादशी का अत्यंत विशेष स्थान है, जिसे देवोत्थान और प्रबोधिनी एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। इस पावन तिथि के साथ ही चार महीनों से चल रहे चातुर्मास का समापन हो जाएगा और विवाह, गृह प्रवेश सहित सभी प्रकार के शुभ और मांगलिक कार्यों की शिर से शुरुआत हो जाएगी। ज्योतिषाचार्य पंडित हरिश नगेश शर्मा ने बताया कि देवउठनी एकादशी का व्रत 20

अधूरे आरओबी पुल अधूरे ब्रांडसिंग बोर्ड आरओबी के चलते बंद किया रेलवे फाटक, रात में विरोध के बाद खुला, सुबह फिर लगाया

वैकल्पिक रास्ता नहीं होने से वाहन चालकों और स्थानीय लोगों की बढ़ी परेशानी, पीडब्ल्यूडी ने रेलवे को पत्र लिखकर अधूरे निर्माण के बीच यातायात शुरू करने को बताया खतरनाक

डीआर संवाददाता>>सीहोर

पुराने इंदौर-भोपाल मार्ग पर निर्माणाधीन हायरिंग बोर्ड रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) को लेकर रेलवे और प्रशासन के फैसले से शहर के लोगों की परेशानी बढ़ गई है। ब्रिज का निर्माण कार्य पूरा हुए बिना ही रेलवे द्वारा समपार फाटक क्रमांक 104 को बंद कर दिया गया। इससे आवागमन का सबसे बाधित हो गया। सोमवार 16 नवंबर को फाटक बंद होने के बाद रात में ओवरब्रिज पर भी चिट्ठी डालकर रास्ता बंद कर दिया गया। इससे नाराज वाहन चालकों और ग्रामीणों ने मंगलवार की दोपहरी तरा करीब 1 बजे रेलवे फाटक पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। बड़ते विरोध के बाद रेलवे को रात में फाटक खोलना पड़ा। हालांकि, कुछ घंटों बाद सुबह फिर फाटक बंद कर दिया गया।



वैकल्पिक रास्ता नहीं, बढ़ी परेशानी

अचानक रेलवे फाटक बंद किए जाने के बाद लोगों के सामने आवागमन का संकट खड़ा हो गया। आसपास कोई वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध नहीं है। ऐसे में राजाना इस रास्ते से आने-जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रात में रास्ता पूरी तरह बंद होने से वाहन चालकों का आक्रोश बढ़ गया। बुजुर्गों ने रेलवे फाटक पर पहुंचकर विरोध जताया। स्थिति को देखते हुए रेलवे को रात में गेट खोलना पड़ा। हालांकि, कुछ घंटों बाद सुबह फिर फाटक बंद कर दिया गया।

पीडब्ल्यूडी ने रेलवे को लिखा पत्र,अधूरे काम गिनाए

इस मामले में मध्य प्रदेश लोक निर्माण विभाग के कंपू निर्माण उपखण्ड क्रमांक-2 गोपाल ने रेलवे को अधिकारिक पत्र जारी किया है। विभाग के अनुविभागीय अधिकारी ने सीहोर के वरिष्ठ संभाग इंजीनियर रेलवे को भेजे पत्र में बताया कि हायरिंग बोर्ड आरओबी पर लगर की अंतिम पट्टा, क्रिन्किंग और सर्वित रोड का निर्माण कार्य अभी बाकी है। इन कार्यों के पूरा किए बिना पुल पर वाहनचालन शुरू करना सुरक्षित नहीं है। इससे पुल की ट्रैफिक लोड क्षमता प्रभावित होने के साथ गंभीर सड़क दुर्घटनाओं की आशंका है। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि ब्रिज पर ऑपरेशनल लॉकवॉल्स भी अभी नहीं लगे हैं।

विभाग ने रेलवे से अनुरोध किया है कि जब तक ब्रिज का तीन निर्माण कार्य पूरा नहीं हो जाता और विधिवत यातायात संचालन शुरू करने की स्थिति नहीं बनती, तब तक रेलवे समपार फाटक क्रमांक 104 को बंद नहीं किया जाए। इसे पहले की तरह चालू रखा जाए, ताकि आमजन को आवागमन में परेशानी न हो।

ढाई साल से अधूरे निर्माण का खामियाजा भुगत रहे लोग

पुराने इंदौर-भोपाल मार्ग पर हायरिंग बोर्ड और फंपा फाटक पर रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण जनवरी 2024 में शुरू हुआ था। निर्धारित समय के अनुसार इसे जून-जुलाई 2025 तक पूरा होना था, लेकिन निर्माण एजेंसी की धीमी गति और काम की आपूर्ति में बाधा के कारण काम लगातार पिछड़ता गया। करीब ढाई साल से क्षेत्र के लोगों को निर्माण के कारण धूल, गड्ढों और जामाजाम की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

धनी के गोदाम में भीषण आग, बिजली उपकरण और प्लास्टिक का सामान जलें

डीआर संवाददाता>>सीहोर

बुदनी क्षेत्र के ग्राम धनवाड़ा में मंगलवार शाम लेकरी एंड संस कारखाने के खुले गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई। गोदाम में बिजली उपकरणों से संबंधित सामग्री और बड़ी मात्रा में प्लास्टिक का सामान रखा हुआ था। ज्वलनशील सामग्री होने के कारण आग ने तेजी से विकराल रूप ले लिया। आसमान में उठती ऊंची लपटों और काले धुएं के गुबार को देखकर आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।



घटना की सूचना मिलते ही बुदनी के साथ नर्मदापुरम और ट्राइडेंट कंपनियों की दमकल टीमें मौके पर पहुंचीं। आग की भयावहता को देखते हुए नर्मदापुरम से भी अतिरिक्त दमकल वाहन बुलाए गए। तेज से अधिक दमकल वाहनों की मदद से आग बुझाने का अभियान शुरू किया गया। दमकलकर्मियों ने लगातार पानी छोड़कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। घटना की सूचना मिलने के बाद आग को नियंत्रित किया जा सका। समय रहते किए गए प्रयासों से आग को आसपास के क्षेत्र में फैलने से रोक लिया गया।

लाखों रुपए के बुकसान की आशंका

बुदनी एसडीओपी सौरभ शर्मा ने बताया कि विभिन्न कंपनियों की दमकल टीमों ने संयुक्त प्रयास कर आग पर काबू पाया। शिलशहत आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। गोदाम में रखी सामग्री को हुए नुकसान का आकलन भी किया जाना बाकी है। प्रारंभिक तौर पर लाखों रुपए की क्षति होने की आशंका जताई जा रही है।

श्यामपुर-अहमदपुर में सोयाबीन 7621 रुपए क्विंटल बिका, सीहोर में लहसुन 20 हजार के पार

डीआर संवाददाता>>सीहोर

जिले और आसपास की कृषि उपज मंडियों में मंगलवार, 17 नवंबर को सोयाबीन की आवक तेज रही। श्यामपुर और अहमदपुर मंडी में सोयाबीन का अधिकतम भाव 7621 रुपए प्रति क्विंटल दर्ज किया गया। वहीं राजगढ़ जिले की पचोर मंडी में सोयाबीन 7570 रुपए और खुरावर में 7505 रुपए प्रति क्विंटल तक बिका। सीहोर मंडी में सोयाबीन का अधिकतम भाव 7527 रुपए रहा।



सीहोर और राजगढ़ जिले की पांच प्रमुख कृषि उपज मंडियों में मंगलवार, 17 नवंबर को सोयाबीन के भाव उतेर सतर पर रहे। श्यामपुर और अहमदपुर मंडी में सोयाबीन का अधिकतम भाव 7621 रुपए प्रति क्विंटल दर्ज किया गया। पचोर मंडी में सोयाबीन का अधिकतम भाव 7570 रुपए और खुरावर में 7505 रुपए प्रति क्विंटल दर्ज किया गया। सीहोर मंडी में सोयाबीन का अधिकतम भाव 7527 रुपए रहा। वहीं सीहोर में लहसुन का अधिकतम भाव 20001 रुपए प्रति क्विंटल तक सोयाबीन बिका। वहीं सीहोर में लहसुन का अधिकतम भाव 20001 रुपए पहुंच गया।

सीहोर मुख्य आवक और फल-सब्जी मंडी में कुल 10000 क्विंटल आवक दर्ज। सोयाबीन 7527, गेहूं 3300 और मक्का 2800 रुपए तक बिका। लहसुन का अधिकतम भाव 20001 और न्यूनतम 6800 रुपए प्रति क्विंटल दर्ज किया गया।

श्यामपुर। मंडी में सोयाबीन की 1107 क्विंटल आवक हुई। न्यूनतम भाव 4450, अधिकतम 7621 और औसत भाव 7208 रुपए रहा। गेहूं 2810 रुपए तक बिका।

"अहमदपुर यहां सोयाबीन का न्यूनतम भाव 6000, अधिकतम 7621 और औसत भाव 7300 रुपए दर्ज किया गया। गेहूं 2620 से 2781 रुपए के बीच बिका। इसका औसत भाव 2700 रुपए रहा।

पचोर मंडी में कुल 9621 क्विंटल उपज की आवक हुई। सोयाबीन 6800 से 7570 रुपए तक बिका। इसका मॉडल भाव 7300 रुपए रहा। सबसे ज्यादा अधिकतम भाव 8780 रुपए दर्ज हुआ।

खुरासं यहां 9205 क्विंटल उपज की आवक हुई। सोयाबीन का अधिकतम भाव 7505 और मॉडल भाव 7375 रुपए रहा। धनिया 14650 रुपए तथा 7500 रुपए तक बिका।

जंगल कटाई की शिकायत पर उपसरपंच को धमकी देने का आरोप

डीआर संवाददाता>>खेड़ी

तहसील के सालासेहरा क्षेत्र में संचित वन सताई को लेकर हुए विवाद निगम के डिप्टी रेंजर और ग्राम नंदपुरा के उपसरपंच के बीच तीखा सामने आया है। उपसरपंच जगदीश ढीर ने डिप्टी रेंजर विक्रम सिंह राठौर पर कोल पर गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। उन्होंने 16 नवंबर को रेहटी थाने में लिखित आवेदन दिया है। उपसरपंच का दावा है कि गातवीत को सिकोडिंग उनके मोबाइल में रीपुद है।

उपसरपंच ने आरोप लगाया कि सालासेहरा क्षेत्र में करीब 1500 से 2000 हार्वेस्ट के पेड़ों की अवैध कटाई हुई है। इस



संबंध में उन्होंने पहले भी वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और सीएम हेल्पलाइन 181 पर शिकायत की थी। उनका कहना है कि शिकायत वापस लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। 15 नवंबर को कोल पर आपत्ता और गाली दी गई।

वहीं, डिप्टी रेंजर विक्रम सिंह राठौर ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि उपसरपंच खुद पेड़ काटकर बनभूमि पर अतिक्रमण कर रहे हैं। वनकाइस पैदा होने पहुंचने पर उन्होंने गाली-गलौज की। रेंजर वीएल अहिरवार ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है और पार्ले रमेश्वर रहे अधिकारी को जानकारी दी जा रही है।

उल्लेख के बाद होरी कार्यवाईक डौआई हिमतेंद्र पटेल ने कहा कि उपसरपंच का आवेदन मिला है। मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

बतेज रफ्तार वाहन चलाने को लेकर विवाद, बोलेरो सवार लोगों ने दो युवकों से की शिकायत पर केस दर्ज

डीआर संवाददाता>> मैखेड़ा

मैखेड़ा की शास्त्री कॉलोनी में सोमवार रात तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान बोलेरो सवार लोगों ने दो युवकों के साथ मारपीट कर दी। युवकों ने आरोप लगाया कि हमलावर रेत तस्करी से जुड़े हुए हैं।

जानकारी के अनुसार, कॉलोनी के लोगों को शिकायत थी कि कुछ लोग क्षेत्र की सड़कों पर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हैं। इसी बात को लेकर दो युवक संबंधित लोगों से पूछ-ताछ करने गए थे, लेकिन वे



वहां नहीं पहुंचे। इसके बाद दूसरे पक्ष के लोगों ने खेल शुरू कर दी।

युवकों का आरोप है कि गाली-गलौज शुरू कर दी और मारपीट की। घटना के बाद मामला पुलिस तक पहुंचा।

दोनों पक्षों की

अरेरिक पुलिस अधिकारी प्रशांत चौबे ने बताया कि दिनेश के मामले में दोनों पक्षों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सीहोर में रेत माफियाओं के खिलाफ युथ कांग्रेस का प्रदर्शन, 3 दिन का अल्टीमेटम

डीआर संवाददाता>>सीहोर

जिले में अवैध तरीके रेत उत्खनन और रेत कारोबार से जुड़े लोगों की मुखालफत को लेकर युवा कांग्रेस ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष दीपेश ठाकुर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की। संगठन ने तीन दिन का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी कि कार्रवाई नहीं होने पर नर्मदा घाटों पर स्थानीय नागरिकों के साथ अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा।

युवा कांग्रेस ने मेलरा की शास्त्री कॉलोनी में हुई मारपीट



की घटना में सुमेरिया गाड़ेरा एक निजरला कंपनी से जुड़े साक्षियों पर दो युवकों के साथ मारपीट का आरोप लगाया। संगठन ने कथित युवक रेत कारोबारी विनोद अग्रवाल और पांचों के जिम्मेदान लोगों के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज करने की मांग की।

जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि नर्मदा के घाई घाटों और पीर-सवीकृत खदानों से अवैध उत्खनन हो रहा है। नसरुल्लागंज क्षेत्र से निकलने वाले वाहनों की तंवाटी नर्मदापुरम के पास से काटे जाने के मामले की भी जांच की मांग की गई।

युथ कांग्रेस ने चेतावनी दी कि तीन दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो सभी नर्मदा घाटों पर आंदोलन किया जाएगा।

निरीक्षण किया कलेक्टर श्री बालागुरु के. ने आईएसपी पार्वती फेस 1 और 2 सिंचाई परियोजना का किया निरीक्षण

ओएमएस बॉक्स की कार्यप्रणाली का लिया जायजा, सिस्टम की नियमित निगरानी करने के एसडीएम को दिए निर्देश

डीआर संवाददाता>>सीहोर

कलेक्टर श्री बालागुरु के. ने आष्टा क्षेत्र में आईएसपी पार्वती फेस 1 और 2 सिंचाई परियोजना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सिंचाई व्यवस्था के सुचारू संचालन एवं किसानों को समय पर पानी उपलब्ध कराने के संबंध में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर ने ओएमएस बॉक्स (ऑटोमेटेड मैनेजमेंट सिस्टम) का निरीक्षण कर इसकी कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता की जानकारी ली।

कलेक्टर श्री बालागुरु के. ने कहा कि सिंचाई व्यवस्था में ओएमएस बॉक्स की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके माध्यम से जल वितरण व्यवस्था को बेहतर एवं व्यवस्थित बनाए रखने में सहायता मिलती है।



उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सिस्टम का उचित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए तथा इसकी नियमित निगरानी की जाए, ताकि उपकरणों को किसी भी प्रकार की क्षति न पहुंचे और सिंचाई व्यवस्था निर्बाध रूप से संचालित होती रहे।

एसडीएम को निर्देश

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने एसडीएम को निर्देश दिए कि वे समय-समय पर सिस्टम की निगरानी करें और संबंधित अधिकारियों से समन्वय बनाकर इसकी कार्यप्रणाली पर नजर रखें। उन्होंने कहा कि सिंचाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की त्रुटि या लापरवाही नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार निर्धारित समय पर सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जाए। सिंचाई व्यवस्था सुचारू रहने से किसानों को रबी फसलों की बुवाई और फसलों की सिंचाई समय पर सुनिश्चित हो सकेगी।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सिंचाई योजना का प्रभावी संचालन एवं नियमित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम महेंद्र प्रताप सिंह तोमर, एसडीईए के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

सीहोर की छात्रा गुंजन नागले ने कराटे प्रतियोगिता में जीता रजत

डीआर संवाददाता>>सीहोर

शासकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, सीहोर की छात्रा कु. गुंजन नागले ने राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त कर महाविद्यालय एवं सीहोर जिले का गौरवबढ़ाया किया है। कु. गुंजन नागले ने भोपाल के एलएनसीटी (स्वशम) में आयोजित अन्तर्जीपीयी स्टेट लेवल कराटे टूर्नामेंट 2026-27 में शानदार प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की।



छात्रा की इस सफलता पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रमोद शर्मा ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि छात्राओं की ऐसी उपलब्धियां अन्य विद्यार्थियों के भी खेल एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करती हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं खेल विभाग ने भी छात्रा को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

डिजीटल अखबार

डीआर सीहोर

03

आष्टा, इछावर, शैलूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर कार्तिक शुक्ल पक्ष 09 – 2083 सीहोर, दिन बुधवार, दिनांक 18 नवम्बर 2026

न्यूज गैलरी

गो सम्मान अभियान को समर्थन, बाबरी घाट पर चलाया सफाई अभियान

गैलूंदा। नर्मदा घाटों की स्वच्छता, गौ सम्मान और सामाजिक जागरूकता को लेकर शैल में अलग-अलग पहल की गई। पुण्यसेवा समाज सेवा समिति के सदस्यों ने एसडीएम सुधीर कुशवाह से मुलाकात कर घाटों पर सूचना बोर्ड लगाने, गंदे पानी को नर्मदा में मिलने से रोकने और असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने की मांग की। वहीं ग्राम सातनेर में गो सम्मान अभियान के तीसरे सप्ताह को 1092 हस्ताक्षरों के साथ समर्थन मिला। रुद्रबाबा के प्राणीमित्रों ने बाबरी घाट पर सफाई अभियान चलाया।

सिंचाई के समय बिजली कटौती से किसान परेशान, मेंटेनेंस का समय बदलने की मांग

भैरूंदा। सिंचाई के निर्धारित समय में बार-बार बिजली कटौती से किसान परेशान हैं। किसानों का आरोप है कि बिजली आपूर्ति का शेड्यूल शुरू होते ही मोटरें जल जाती हैं और फसल को सिंचाई नहीं मिल पाती। भगत सिंह राठौड़, भगवान सिंह गेंदरगाव, अमर सिंह मीणा और दीपक मीणा सहित किसानों ने विभाग से मेंटेनेंस कार्य के लिए अलग समय निर्धारित करने की मांग की है। उनका कहना है कि अनियमित बिजली आपूर्ति से फसलों को भारी नुकसान हो रहा है।

किराना दुकानों से ढाबों तक अवैध शराब का कारोबार

जावर। तहसील क्षेत्र में किराना दुकानों, गुमटियों और हाईवे किनारे के ढाबों पर अवैध शराब बिक्री की शिकायतें लगातार आ रही हैं। दो दिन पहले पीथमपुरा गांव में आबकारी विभाग की टीम ने एक किराना दुकान और उससे जुड़े गैराज की जांच कर अवैध शराब जब्त की थी। विभाग पिछले महीने भी अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई कर चुका है। इसके बावजूद अवैध बिक्री की शिकायतें जारी हैं। आबकारी विभाग का कहना है कि अवैध शराब के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है।

शिवराज के आगमन की तैयारियां तेज, आज रेहटी में भाजपा की बैठक

रेहटी। मंडीप कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रस्तावित रेहटी आगमन को लेकर भाजपा संगठन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। कुमावत धर्मशाला 12 बजे नगर परिषद में कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित होगी। इसमें क्षेत्रीय विधायक रमाकांत मार्गम शामिल होकर कार्यक्रम की रूपरेखा और व्यवस्थाओं पर चर्चा करेंगे। पूर्व में सांदीपनि विद्यालय के लोकार्पण के लिए प्रस्तावित उनका दौरा भी के निधन के कारण स्थगित हो गया था। अब संगठन ने दोबारा तैयारियां तेज कर दी हैं।

काव्य गोष्ठी में अमित गुप्ता बने कार्यांश संस्था के नए अध्यक्ष

इछावर। साहब लॉज में आयोजित दीपावली मिलन समारोह एवं काव्य गोष्ठी में एडवोकेट अमित गुप्ता को सर्वसम्मति से कार्यांश साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में कवियों ने गीत, गजल और सामाजिक विषयों पर आधारित रचनाएं प्रस्तुत कीं। मनीष जोशी, संतोष चावड़ा, बृजेंद्र तिवारी, रमेश राही और परवेज खान पठान सहित अन्य रचनाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं।

अधूरे इंतजाम आष्टा के प्रमुख मार्गों पर हादसों का खतरा, कहीं डिवाइडर नहीं तो कहीं वन-वे का पालन नहीं

पार्वती ब्रिज के एप्रोच रोड पर दो बाइकों की भिड़ंत में चालक घायल, अस्थायी डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो चुका ,सुरक्षा इंतजाम अधूरे

डीआर संवाददाता>>आष्टा



शहर के पुराने भोपाल-इंदौर हाईवे और कन्नौद मार्ग पर यातायात सुलभ के इंतजाम अधूरे होने से वाहन चालकों की जान पर खतरा बना हुआ है। कहीं सड़क पर स्थायी डिवाइडर नहीं है तो कहीं वन-वे व्यवस्था का पालन नहीं हो रहा है। पार्वती ब्रिज के एप्रोच रोड से लेकर पुराने बस स्टैंड, चौपाटी और इंदौर नाके तक वाहन चालक जोखिम के बीच सफर करने को मजबूर हैं। मंगलवार शाम करीब 6 बजे नए पार्वती ब्रिज और पुराने मार्ग के रेलवे हादसा चौराहे पर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइक चालक घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और कुछ देर यातायात बाधित रहा। बुजुर्ग पहले गिरते बुजुर रहा एक ट्रक अस्थायी डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो चुका है। लगातार हो रही घटनाओं के बावजूद प्रमुख मार्गों पर स्थायी सुरक्षा इंतजाम नहीं हो पाए हैं।

वन-वे व्यवस्था के बावजूद पुराने पुल से आवाजाही

पुराने गोपाल-इंदौर हाईवे को जोड़ने के लिए करीब 11 करोड़ रुपए की लागत से नया पार्वती ब्रिज बनाया गया था। शुरुआत में दोनों पुलों पर दोतरफा आवाजाही होने से कई दुर्घटनाएं हुई थीं। इन हादसों में तीन-चार लोगों की मौत भी हो चुकी है। इसके बाद पुलिस प्रशासन ने दोनों पुलों पर आने-जाने के लिए वन-वे व्यवस्था लागू की थी। इसके बावजूद वाहन चालक पुराने पुल से भी आवाजाही कर रहे हैं। रात के समय यह स्थिति और खतरनाक हो जाती है। नए ब्रिज का एप्रोच रोड पुराने मार्ग से जहां मिलता है, वहां रेलवे हादसा चौराहे पर वाहनों ज्यादा दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। नए ब्रिज पर लॉजिक वाहनों की पार्किंग भी यातायात व्यवस्था को प्रभावित कर रही है।

दरगाह से किलेरामा तक डिवाइडर नहीं

पुराने भोपाल-इंदौर मार्ग पर दरगाह से किलेरामा तक डिवाइडर नहीं बनाए गए हैं। इसी तरह कन्नौद मार्ग पर कोलेज चौराहे से बायपास तक डिवाइडर की व्यवस्था नहीं है। इस मार्ग पर यातायात का दबाव अधिक रहता है। पत्थर और गुजलपुर से जन्मदीप जाने वाले वाहन भी आष्टा होकर गुजरते हैं। पार्वती पुल से अतीपुर के बीच दो अंधे मोड़ हैं, जहां तेज रफ्तार वाहनों के कारण हादसों का खतरा बना रहता है। नागरिक कमल सिंह परमार और मनोज शर्मा ने संबंधित विभागों से इन मार्गों पर डिवाइडर बनाने की मांग की है।

पुराने बस स्टैंड से चौपाटी तक जोखिम भरा सफर

पार्वती पुल से दौन मंदिर के बीच कुछ स्थानों पर नगर पालिका ने अस्थायी डिवाइडर रखे हैं, जबकि शेष हिस्से में कोई व्यवस्था लागू नहीं है। तेज रफ्तार से आने वाले वाहन चालकों को ये अस्थायी डिवाइडर समय पर दिखाई नहीं देते। नागरिकों का कहना है कि अस्थायी डिवाइडर के स्थान पर स्थायी डिवाइडर बनाए जाने चाहिए। विधायक पर्व राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने पुराने बस स्टैंड से चौपाटी तक फोरलेन सड़क बनाई थी, लेकिन अब तक वहां डिवाइडर नहीं लगाए गए हैं। इंदौर नाके से पुराने बस स्टैंड तक भी यही स्थिति है।

कार्ययोजना में शामिल है

डिवाइडर' नगर पालिका सीएमओ किशोर प्रजापति ने बताया कि पुराने भोपाल-इंदौर मार्ग पर जहां डिवाइडर नहीं हैं, वहां डिवाइडर लगाने का काम कार्ययोजना में शामिल है। जल्द ही इन्हें लगाया जाएगा।

वन-वे उल्लंघन पर कार्रवाई

ट्रैफिक इंचार्ज रहिमत खान ने बताया कि पुराने पुल से आने वाले वाहनों के खिलाफ यातायात पुलिस पहले भी कार्रवाई कर चुकी है। इस मार्ग पर वन-वे व्यवस्था लागू है और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है।

न्यायोत्सव - विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



डीआर संवाददाता>>सीहोर

जनपद पंचायत विधिक सेवा प्राधिकरण, जसलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री संजीव कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में 14 से 20 नवम्बर 2026 तक न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत ओमशांति ओक्साफोर्ड स्कूल सीहोर में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री अनुराग सिंह कुशवाह एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री सिद्दीकी, थाना कोतवाली से एस.लेपोकाल श्री विवेक आर्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान जिला न्यायाधीश ने सचिव अनुराग सिंह कुशवाह द्वारा विद्यार्थियों को विधिक सेवाओं, निःशुल्क विधिक सहायता, नालसा के कानूनी अधिकारों एवं कर्तव्यों तथा विधिक जागरूकता के महत्व के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि प्रत्येक नागरिक को अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी होना आवश्यक है तथा समाज में न्याय, समानता एवं विधिक जागरूकता को बढ़ावा देने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री सिद्दीकी अहमद सिद्दीकी द्वारा बताया गया कि, निःशुल्क विधिक सहायता एवं साक्षर प्रयास, पीड़ित अधिनियम, सालसा एवं नालसा की योजनाओं की जानकारी, सरकार द्वारा राजकीय योजनाओं की जानकारी आदि विस्तार से दी गई।

21 करोड़ की सड़क हैंडओवर से पहले उखड़ने लगी डामर की परत,

डीआर संवाददाता>>जावर।



जावर से शिवपेठी तक करीब 21 करोड़ रुपए की लागत से बन रही सड़क निर्माण के एक महीने के भीतर ही सतहों के बेरे में आ गई है। सड़क की ऊपरी परत कई जगह से उखड़ने लगी है। ग्रामीणों ने उखड़ी हुई परत हाथों में लेकर निर्माण की गुणवत्ता पर नाराजगी जताई। खास बात यह है कि सड़क अभी लोक निर्माण विभाग को हैंडओवर भी नहीं हुई है।

ग्रामीण शूरपाल सिंह ठाकुर, बहादुर ठाकुर, भोपाल ठाकुर, रोपाल ठाकुर सहित कुछ लोगों का कहना है कि निर्माण के शुरुआती दिनों में ही डामर उखड़ना गंभीर लापरवाही की ओर इशारा करता है। सड़क की ऊपरी सतह जगह-जगह से टूट रही है। ग्रामीणों ने निर्माण एजेंसी और जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका की जांच कराने की मांग की है।

इस सड़क के दो-तीन स्थानों से रोहेर के राजा पेलेस और कालापुर जिले के ग्रामीणों को भी सुविधा मिलेगी। लेकिन जो सड़क वर्तमान में आवागमन के लिए उपयोग में लाई जा रही है, वह ही जगह-जगह से उखड़ने लगी है। ऐसे में भविष्य में यह सड़क कितने समय तक टिक पाएगी, इसको लेकर भी ग्रामीणों के मन में संदेह है।

कुबेरेश्वरधाम में बाबा का अलौकिक श्रृंगार, 56 भोग से सजा मंदिर

डीआर संवाददाता>>आष्टा



कार्तिक श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र जिला मुख्यालय के समीपस्थ सिलवानिया तेहा स्थित श्रीधाम कुबेरेश्वरधाम में गोपाष्टमी का पर्व संपन्नता एवं श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही धाम में दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। मंदिर के पट खुलते ही श्रद्धालुओं ने स्नान के दर्शन किए। अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के सानिध्य एवं सर्वदर्शन में भव्य-दिव्य आरती संपन्न हुई। इसके पश्चात भगवान को रूद्र, विधान, द्वादशूर सहित 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग अर्पित किया गया। अन्नकूट महोत्सव के उपलक्ष्य भगवान विश्वकर्मा श्रृंगार को 108 प्रकार के भोग समर्पित किए गए।

गोपाष्टमी और अन्नकूट महोत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए नितनेम सेवा समिति की ओर से भोजन प्रसादी की विशेष व्यवस्था की गई। समिति के पंडित विष्णु मिश्रा, पंडित समीर शुक्ल सहित अन्य सदस्यों ने श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की। सुबह से लेकर देरात्रि तक धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कुबेरेश्वरधाम में गोपालकों का पर्व गौसेवा, भक्ति और अन्नदान की सनातन परंपरा के संदेश के साथ संपन्न हुआ।

रोजगार मेले में 203 युवक-युवतियों का चयन

डीआर संवाददाता>>सीहोर



सीहोर के डॉ. अंबेडकर शासकीय महिला आईटीआई सीहोर में रोजगार स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में 382 युवा-युवतियों ने पंजीयन कराया, जिसमें 203 अभ्यर्थियों का चयनित चयन किया गया।

मेले में शामिल 11 कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न पदों के लिए अभ्यर्थियों के साक्षात्कार लिए । मेले का उद्देश्य जिले के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसर उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रोत्साहित करना रहा।

स्वरोजगार के लिए 25 लाख रुपये के ऋण स्वीकृति पत्र वितरित

मुख्य समारोह मेले में स्वरोजगार की ओर बढ़ाया होने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) के अंतर्गत दो हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। जिला उद्योग केंद्र एवं खाद प्रसंस्करण विभाग, सीहोर द्वारा की गई संयोजन प्रसार गतिविधि के अंतर्गत हितग्राहियों को उद्योग स्थापित करने के लिए कुल 25 लाख रुपये के ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए।

शासकीय योजनाओं की दी गई जानकारी

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों द्वारा युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं कौशल उन्नयन से संबंधित विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही युवाओं को इन योजनाओं का लाभ लेकर अपना भविष्य सुधारने का आह्वान किया गया।

अघोषित बिजली कटौती से परेशान किसान पहुचे बिजली कार्यालय

डीआर संवाददाता>>खोरी



आष्टा विधानसभा केंद्र की विधायक गंगाबाई उइके इंजीनियर की मूल ग्राम पंचायत मकडोखा स्थित आवासीय कार्यालय में आयोजित बिजली शटडौरी से संबंधित पंजेशन हैं। मालाज किसानों ने बजरंग सोन के जिला उपाध्यक्ष नारायण सिंह आजार के नेतृत्व में बिजली विभाग अधीक्षण यहुंचकर अधिकारियों के सामने अपनी समस्या रखी और नियमित बिजली आपूर्ति की मांग की।

किसानों ने बताया कि सरकार की ओर से खुले कार्य के लिए 10 घंटे बिजली देने की बात कही जाती है, लेकिन अघोषित कटौती के कारण मुश्किल से 3 से 4 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। इससे खेतों में सिंचाई प्रभावित हो रही है। किसानों का कहना है कि इस वर्ष कम बारिश होने के कारण पहले ही पानी की कमी है। ऐसे में बिजली की अनियमित आपूर्ति से फसलों की सिंचाई पर संकट बढ़ रहा है।

इस दौरान मकडोखा के सरपंच धर्मेंद्र सिंह ठाकुर ने भी किसानों की समस्या विधायक के संज्ञान में लाई। उन्होंने जेई अरविंद मंडलोई और क्षेत्रीय अधिकारियों से फोन पर चर्चा की। वहीं रोशन रोशन के पटवारीकरियों ने पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने की मांग की। अधिकारियों ने जल्द समस्या का निराकरण करने का आश्वासन दिया।

इस दौरान लुधुवन चांदीया का पाट कर अधिकारियों को धन्यवाद दिये और शिवरात्री की समस्या के शीघ्र समाधान की प्रार्थना भी की गई।

समीक्षा निर्माण एवं विकास कार्य गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूरे करें अधिकारी - राजस्व मंत्री वर्मा

राजस्व मंत्री ने इछावर में की विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा, नियमित मॉनिटरिंग के दिए निर्देश

डीआर संवाददाता>>सीहोर



राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा ने इछावर स्थित एडवीएम कार्यालय में बैठक आयोजित कर विभिन्न विभागों द्वारा कराए जा रहे निर्माण एवं विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण एवं विकास कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराए जाएं। इसके लिए संबंधित विभागों के अधिकारी निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें और कार्यों की प्रगति पर सतत नजर रखें।

बैठक में राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन, संचालन एवं प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा योजनाओं के लाभ आमजन तक पहुंचाने के लिए अधिकारी पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें।

राजस्व मंत्री ने हितग्राहीमूलक योजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत कोई भी पात्र हितग्राही लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। अधिकारी चल हितग्राहियों की पहचान कर उन्हें योजनाओं से जोड़ें तथा प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें।

बैठक में इछावर नगर परिषद अध्यक्ष देवेश वर्मा, एसडीएम स्वाति मिश्रा, तहसीलदार राजेंद्र सिंह लोधी, जनपद पंचायत सीईओ रुकावली पोरस, शंकर जयसवाल, कैलाश सुतोना सहित विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

मंगलवार को जनसुनवाई में 60 आवेदक अपनी समस्याए लेकर पहुचे



डीआर संवाददाता>>सीहोर

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याए सुनी गई। जनसुनवाई में तिलैभर से आए 60 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेड़-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, आवासीय आवास, गन लाइसेंस, पुराना पेंशन, आर्थिक सहायता, सुधारवाद से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में तिलैभर से आए 60 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याए सुनी गई। जनसुनवाई में तिलैभर से आए 60 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याए सुनी गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेड़-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, आवासीय आवास, गन लाइसेंस, पुराना पेंशन, आर्थिक सहायता, सुधारवाद से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ कार्तिक शुक्ल पक्ष-09 -2083 विदिशा,दिन,बुधवार ,दिनांक 18 नवंबर 2026

न्यूज गैलरी

विश्व धरोहर सप्ताह में संग्रहालय में कार्यक्रम

विदिशा। विश्व धरोहर सप्ताह के तहत 19 से 25 नवंबर तक जिला पुरातत्व संग्रहालय में विभिन्न शैक्षणिक और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसकी शुरुआत 19 नवंबर को दुर्गा नगर सीसाखेड़ी स्थित संग्रहालय में म्यूजियम वॉक से होगी। कार्यक्रम सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक चलेगा। इस दौरान विद्यार्थियों और आगंतुकों को संग्रहालय में संरक्षित ऐतिहासिक वस्तुओं, पुरातात्विक धरोहरों और सांस्कृतिक विरासत की जानकारी दी जाएगी। सात ही धरोहरों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रवेश और संग्रहालय का भ्रमण पूर्ण तरह निःशुल्क रहेगा।

वेस्ट टू वैल्थ को मिल रहा प्रोत्साहन

विदिशा। इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर–2026 में विदिशा जिले के गौरव उत्पादों को राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित किया जा रहा है। इस सहभागिता का उद्देश्य स्थानीय कला, पारंपरिक उत्पादों और गौशाला आधारित आर्थिक गतिविधियों को पहचान दिलाना है। गोबर जैसे प्राकृतिक संसाधन का उपयोग कर उपयोगी और पर्यावरण अनुकूल उत्पाद तैयार करने की पहल से वेस्ट टू वैल्थ की अवधारणा को बढ़ावा मिल रहा है। इससे गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने, स्थानीय स्तर पर रोजगार और आजीविका के अवसर बढ़ाने के साथ जिले के नवाचार और स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय पहचान मिलने की उम्मीद है।

जनसुनवाई में पहुंची महिला को मिला नया बिजली कनेक्शन

विदिशा। जनसुनवाई में पिछले दिसंबर पर जिला प्रशासन ने लंबित कार्रवाई करते हुए ग्राम लटेरी की महिला को बिजली कनेक्शन संबंधी समस्या का समाधान कराया। लटेरी के कार्ड ब्लॉक 5 निवासी सुशील कुमारी जैन ने नवीन विद्युत कनेक्शन के लिए कलेक्टर अंशुल गुप्ता को आवेदन दिया था। कलेक्टर के निर्देश पर आवेदन विद्युत वितरण केंद्र लटेरी को भेज गया। विभागीय अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण कर आवश्यक प्रक्रिया पूरी की और महिला को नया बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया।

ट्रेड फेयर में विदिशा के गौमय उत्पादों की धूम

विदिशा। नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर 2026 में विदिशा की गौशालाओं में तैयार गौमय उत्पाद आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। जिला प्रशासन ने 54 से 27 नंबर तक विशेष स्टॉल लगाया है, जहां गोबर से बने दीपक, सजावटी सामग्री, धूपबत्ती, हवन सामग्री और फूलन साड़ी प्रदर्शित की जा रही है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में इस पहल का उद्देश्य गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाना और स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय बाजार उपलब्ध कराना है। इससे गौशालाओं से जुड़ी महिलाओं को रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर भी मिल रहे हैं।

कार्तिक मास के अंतिम 9 दिन, 24 को पूर्णिमा

विदिशा। कार्तिक मास भगवान विष्णु को समर्पित है। शेष 9 दिन खास मनाए जाएंगे। 24 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा के साथ माह का समापन होगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, जो श्रद्धालु पूरे महीने कार्तिक स्नान और व्रत नहीं कर पाए, वे इन अंतिम दिनों में विशेष नियमों का पालन कर, दान, दीपदान कर पुण्य लाभ ले सकते हैं।

विदिशा में किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म का तीसरा मामला, दो युवकों पर केस दर्ज

आरोपियों की तलाश में पुलिस की विशेष टीम गठित, संगठनों ने आरोपियों के मकान तोड़ने की मांग की, 19 नवंबर को पीआईसी की बैठक में आएगा प्रस्ताव

ईजाज संवाददाता ✉ विदिशा।

शहर में नाबालिग बच्चियों और किशोरियों से दुष्कर्म की घटनाओं को लेकर आक्रोश के बीच एक और सनसनीखेज दुष्कर्म का मामला सामने आया है। यह तीसरी घटना की 14 नवंबर की बताई जा रही है। मंगलवार को पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ अलग-अलग मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने तीनों मामलों की जांच के लिए अलग-अलग एसडीओपी गठित की हैं।

पुलिस के अनुसार, पीड़िता की पहले से एक युवक से पहचान थी। शिकायत में उसने बताया कि 14 नवंबर को रामलीला गेट के पास उसकी मुलाकात युवक और उसके दोस्त से हुई थी। आरोप है कि दोनों उसे स्कूटी से ढोलकेड़ी की ओर ले गए, जहां एक मकान में उसके साथ जबरदस्ती की। पीड़िता ने दोनों पर सामूहिक दुष्कर्म, मारपीट और धमकी देने की जानकारी लिखी को देने पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। मामले की जांच निरीक्षक आनंद राव कर रहे हैं। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

एसपी रोहित काशवानी ने बताया कि तीनों घटनाओं ने अलग-अलग एसडीओपी गठित की गई हैं। दो मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, जबकि तीसरे मामले में भी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर कार्रवाई होगी और कोई भी दोषी बचा नहीं जाएगा।

आरोपियों के मकान तोड़ने की मांग

मामले की सुर्खियां सर्व हिंदू उत्सव समिति और सकल हिंदू समाज के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट चौराहे पर प्रदर्शन किया गया। संगठनों ने जिलेदी से दुष्कर्म के आरोपी विशाल किशार और अरविंद किशर के मकानों पर भी बुलडोजर चलाने की मांग की। इनका कहना था कि कानून की नजर में सभी बराबर हैं और किसी भी आरोपी के खिलाफ नरमदार नहीं होना चाहिए। विधायक ने घटनास्थल के आसपास बैंक पेट्रोल पंप और स्कूटी बिक्रेता के सीसीटीवी फुटेज की जांच कराने की मांग भी की।

19 नवंबर को पीआईसी बैठक में आएगा प्रस्ताव

इधर, भी वार्ड सभी से दुष्कर्म के आरोपी बंधु खां के लोगुत स्थित मकान पर दूसरे दिन भी पुलिस का पहरा रहा। नगर पालिका की टीम ने मकान से सभी जरूरी सामान हटवाया, लेकिन तोड़ने की कार्रवाई नहीं हो सकी। प्रभारी सीएमओ रमेश कुमार वर्मा के अनुसार, 19 नवंबर को पीआईसी की बैठक में मकान तोड़ने का प्रस्ताव रखा जाएगा। स्वीकृति मिलने के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

मानवाधिकार आयोग ने जारी किया नोटिस

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने किशोरी के कथित यौन उत्पीड़न के एक अन्य मामले में डीजीपी और प्रमुख सचिव गृह को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में रिपोर्ट मांगी है। आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने जांच में देरी, साक्ष्यों के संरक्षण और पुलिस से चूक पर चिंता व्यक्त की। विदिशा में लगातार सामने आ रही घटनाओं पर उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से गहरी पीड़ा जताते हुए लिखा कि अपने गृह नगर में ऐसी घटनाओं से वे स्तब्ध और व्यथित हैं।

ट्रैक्टर की टक्कर से बैंककर्मी की मौत, परिजनों का शव रखकर चक्काजाम



ईजाज संवाददाता ✉ विदिशा।

बैरसिया रोड पर ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार 44 वर्षीय दिनेश विश्वकर्मा की मौत हो गई, जबकि उनके साथी पीयूष गौण घायल हो गए। दिनेश खामखेड़ा स्थित समिति के बैंक में कार्यरत थे। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजनों और ग्रामीणों ने शव सड़क पर रखकर चक्काजाम किया। दोपहर 12:30 बजे शुरू हुआ प्रदर्शन करीब 3 बजे तक चला।

जानकारी के अनुसार, दिनेश और पीयूष बाइक से ग्राम गुर्गावि होकर की ओर से विदिशा आ रहे थे। इसी दौरान खेत से सड़क पर आए ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। आरोप है कि ट्रैक्टर दोनों को काफी दूर तक घसीटता ले गया। परिजनों का कहना है कि चालक ने आगे जाकर बाइक और घायलों को हटाया और फिर मौके से भाग गया।

इलाज के दौरान तीखा राम हादसे में गंभीर रूप से घायल होने को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। पे साई गंडिर, अहमदपुर सीड के निवासी थे। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं पीयूष गौण का इलाज जारी है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

गिरफ्तारी की मांग पर प्रदर्शन

परिजनों और ग्रामीणों का आरोप है कि ट्रैक्टर चालक की पहचान होने के बावजूद पुलिस ने उसे तत्काल गिरफ्तार नहीं किया। उनका दावा है कि संबंधित व्यक्ति ने पुलिस के सामने अपना नाम भी बताया था। इसी नाराजगी के चलते उन्होंने शव सड़क पर रखकर चक्काजाम किया और चालक की गिरफ्तारी की मांग उठाई। परिजनों ने हादसे के बाद घायलों को करीब दो घंटे तक इलाज नहीं मिलने का आरोप भी लगाया।

पुरुष वर्ग के फाइनल में एलबीएस कॉलेज को 6 अंकों से हराया, केडीबीएम महाविद्यालय में हुआ आयोजन

ईजाज संवाददाता ✉ सिरोंज

केडीबीएम महाविद्यालय में शनिवार को जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह और खेल भावना के साथ किया गया। इसमें जिले के विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों की महिला और पुरुष टीमों ने हिस्सा लिया। खिलाड़ियों ने कुशी, अनुशासन और टीम भावना का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता का पुरुष वर्ग का फाइनल मुकाबला शासकीय एलबीएस कॉलेज सिरोंज और एलबीएस कॉलेज के बीच खेला गया। दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। अंत में एलबीएस कॉलेज सिरोंज की टीम ने 6 अंकों से जीत दर्ज कर विजेता का खिताब अपने नाम किया।

महिला वर्ग के फाइनल में शासकीय नार्मल कॉलेज गंजबासौदा और शासकीय एलबीएस कॉलेज गंजबासौदा की टीमों ने जबड़ बनाई। प्रतियोगिता का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत और सम्मान के साथ हुआ। मुख्य अतिथि एसडीएम लोहेत के प्राचार्य डॉ. लालमन राजपूत रहे। अध्यक्षता लेफ्टीनेंट महाविद्यालय की डायरेक्टर रेखा अजनर त्यागी ने की। इस दौरान शैक्षणिक आनंद स्पर्धा सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्राचार्य और अतिथि मौजूद रहे।

नाबालिग बच्चियों से दुष्कर्म के मामलों पर विदिशा पहुचे जीतू पटवारी, बोले- विधानसभा में उठाएंगे मुद्दा

ईजाज संवाददाता ✉ विदिशा



नाबालिग बच्चियों के दुष्कर्म और अश्लील हरकत के मामलों को लेकर मंगलवार शाम कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी विदिशा पहुंचे। उन्होंने पीड़ित बच्चियों और उनके परिजनों से मुलाकात कर घटनाओं की जानकारी ली। साथ ही पुलिस की कार्रवाई और जांच पर सवाल उठाते हुए इन मामलों को विधानसभा में प्रमुखता से उठाने की बात कही।

पटवारी ने कहा कि बच्चियों की सुरक्षा को देखते हुए सभी सभ्य सार्वजनिक नहीं किए जा सकते। इस संबंध में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार से भी बात हुई है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की और चेतावनी दी कि अपराधियों को बचाने में पुलिस–प्रशासन या राजनीतिक लोगों की भूमिका सामने आई तो कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी।

एसडीओपी अरोरे दीवी और आरोपियों की संख्या पर सवाल

पटवारी ने सवाल उठाया कि एक मामले में 48 घंटे बाद एसडीओपी क्यों दर्ज की गई। उन्होंने कहा कि एक परिवार का आरोप है कि बच्ची ने चार लोगों की ओर इशारा किया था, जबकि पुलिस एक आरोपी की बात कह रही है। आरोपियों के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई नहीं होने पर भी उन्होंने सवाल उठाए। इसके अलावा पुलिस दबाव के दौरान हुई घुर्राटना के बाद आदिवासी दुबकों पर गंभीर धाराओं में कार्रवाई का मुद्दा उठाते हुए एसपी से न्यायपूर्ण कार्रवाई की मांग की। पटवारी ने महिला अपराध, अवैध शराब और गांजे के कारोबार को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा और कहा कि प्रदेश में अपराधियों का प्रभाव बढ़ रहा है तथा गृह विभाग प्रभावी कार्रवाई नहीं कर पा रहा है।

जिला स्तरीय सामूहिक विवाह सम्मेलन 20 को

विदिशा। कन्या विदिशा मुख्यमंत्री निःशुल्कविवाह योजना के तहत जिला स्तरीय सामूहिक विवाह सम्मेलन 20 नवंबर को जनपद पंचायत लटेरी में आयोजित होगा। इसमें न्यूनतम 11 और अधिकतम 200 जोड़ों के विवाह की व्यवस्था रहेगी। सम्मेलन में शामिल होने के इच्छुक पात्र वर–वधू 16 नवंबर 2026 तक आवेदन कर सकेंगे। योजना का लाभ बीपीएल परिवारों की पात्र कन्याओं को मिलेगा। इसके लिए आधार कार्ड–केवाईसी और बीपीएल पोर्टल पर सत्यापन अनिवार्य होगा।

सरकारी कार्यालयों में लगेंगी शी–बॉक्स शिकायत पेटियां, 90 दिन में होगा निराकरण

ईजाज संवाददाता ✉ विदिशा



कार्यस्थलों पर महिलाओं को सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग ने पहल शुरू की है। अतुल संदीप जौहार के निर्देश पर जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी विनीता खरका ने जिले के सभी शासकीय और संबंधित कार्यालयों में शी–बॉक्स शिकायत पेटियां लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

इस व्यवस्था के तहत महिलाएं कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न और दुर्व्यवहार से जुड़ी शिकायतें बंद लिफाफे में गोपनीय रूप से जमा कर सकेंगी। शिकायत मिलने पर एक आंतरिक परिवाद समिति के समक्ष रखा जाएगा। समिति सात कार्यदिवस में आरोपी को शिकायत की प्रति भेजेगी। इसके बाद संबंधित व्यक्ति को 10 दिनों में लिखित जवाब देना होगा। दोनों पक्षों की सुनवाई और जांच अधिकतम 90 दिनों में पूरी कर कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी।

शासन स्पष्ट करता है कि यह व्यवस्था से कार्यरत किसी व्यक्ति अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगी। पीड़िता के अलावा परिजन, सहकर्मी और मित्र भी शिकायत या सूचना पेटी में डाल सकते हैं।

राज्यपाल मंगुभाई पटेल 21 नवंबर को विदिशा आएंगे, वरिष्ठ नागरिकों को करेंगे संबोधित

ईजाज संवाददाता ✉ विदिशा।



ऐतिहासिक नगरी विदिशा में 21 नवंबर को राज्यपाल मंगुभाई पटेल का आगमन होगा। ये राजकीय अध्यक्षपुरी ईलनीय शिक्षा निकेतन के मुखरी नगर रोचा चंद्र द्वारा आयोजित 'सगम गौरवशाली वृद्धावस्था' एवं सम्मानित पेंशन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और वरिष्ठ नागरिकों को संबोधित करेंगे।

अध्यक्षपुरी रेखा दीवी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों एवं सम्मान, सुरक्षा और आत्मीयता से परिपूर्ण जीवन उपलब्ध कराने के साथ समाज में उनके प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना है। कार्यक्रम में लगभग 21 नवंबर को सुबह 11 बजे रवीन्द्रनाथ टैगोर सांस्कृतिक भवन ऑडिटोरियम में होगा। इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों और अन्य राज्यों से 100 से अधिक वरिष्ठ अध्यक्षकुमारी प्रमुखों के शामिल होने की सम्भावना है। रेखा दीवी ने नागरिकों और सामाजिक संगठनों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की।

जन सुनवाई

जनसुनवाई में एसपी ने सुनीं 35 से अधिक शिकायतें, अधिकारियों को निराकरण के निर्देश

मारपीट, पारिवारिक और जमीन विवाद से जुड़े आवेदन पहुचे, निष्पक्ष जांच कर समय-सीमा में कार्रवाई के निर्देश

ईजाज संवाददाता ✉ विदिशा।



एसपी रोहित काशवानी ने गंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान 35 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। इनमें मारपीट, पारिवारिक विवाद, जमीन संबंधी विवाद और पुलिस से जुड़ी अन्य शिकायतें शामिल थीं। एसपी ने आवेदकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को निष्पक्ष जांच करते हुए निर्धारित समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान एसपी ने प्रारंभिक आवेदन की बजाय गंभीरता से सुनी और संबंधित मामलों में अब तक हुई कार्रवाई की जानकारी भी ली। जिन प्रकरणों में तत्काल हस्तक्षेप की आवश्यकता थी, उनमें मौके पर ही संबंधित थाना प्रभारियों और शाखा अधिकारियों से चर्चा कर कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर पुलिस के पास आते हैं। ऐसे में शिकायतकर्ताओं से एक संवेदनशील और रचनात्मक व्यवहार करना प्रत्येक पुलिस अधिकारी की जिम्मेदारी है।

एसपी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निराकरण में निष्पक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। जनसुनवाई का उद्देश्य नागरिकों को अपनी समस्याएं सीधे वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाने का अवसर देना और उनका त्वरित समाधान करना है। इससे पुलिस और आमजन के बीच विश्वास तथा संवाद मजबूत होता है।

आवेदन लेने तक सीमित न रहे कार्रवाई

एसपी रोहित काशवानी ने स्पष्ट किया कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों को केवल आवेदन लेने तक सीमित न रखा जाए, बल्कि अंतिम निराकरण तक उनकी निगरानी की जाए। प्रत्येक मामले की नियमित समीक्षा कर नियत्नुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। लंबित आवेदनों पर विशेष ध्यान देते हुए संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में जांच पूरी करने के निर्देश दिए। साथ ही शिकायतकर्ताओं को उनके प्रकरण में की गई कार्रवाई और उसकी प्रगति की जानकारी भी उपलब्ध कराने को कहा, ताकि लोगों को अपनी शिकायत के समाधान की स्थिति पता चल सके।

दुष्कर्म पीड़ित किशोरी अस्पताल में भर्ती, छमाही परीक्षा शुरू होने से

ईजाज संवाददाता ✉ विदिशा।

सलकीला रोड स्थित झटरी में दुष्कर्म की शिकार किशोरी अभी भी अस्पताल में भर्ती है। उसकी हालत में धुरी तरह सुधार नहीं हुआ है। इसी सप्ताह से उसकी छमाही परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं, लेकिन अस्पताल में भर्ती होने के कारण उसके परीक्षा में शामिल होने पर भी सवाल खड़ा हो गया है। स्कूल में दो दिन से उसकी सीट खाली पड़ी है। घटना के बाद सहपाठी छात्राएं सहमी हुई हैं, वहीं शिक्षक भी छात्राओं की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।

पीड़िता की मां ने बताया कि बेटी शनिवार को स्कूल जाने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन कुछ घंटे बाद उसके अस्पताल में भर्ती होने की सूचना मिली। परिवार ने पटना की निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग की है। परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई है।

स्कूल शिक्षकों के अनुसार, किशोरी नियमित रूप से अपना होमवर्क कार्यालय में जमा कराने के बाद कक्षा में जाती थी। घटना से पूरा स्कूल दुखी है।

इधर, पीड़िता के घर में सन्नाटा पसरा है। परिवार के

डिजीटल अखबार

डीआर राजगढ़

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ कार्तिक शुक्ल पक्ष-09 -2083 विदिशा,दिन बुधवार दिनांक 18 नवंबर 2026

न्यूज गैलरी

चिरायता की खेती कर रहे किसान, बेहतर आय की उम्मीद

राजगढ़। किसानों को पारंपरिक खेती के साथ औषधीय एवं उच्च मूल्य वाली फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। इसी क्रम में ग्राम औलपुर के प्रगतिशील किसान होकम सिंह नागर ने करीब दो बीघा जमीन पर चिरायता की खेती की है। फसल की बढ़वार संतोषजनक है और बेहतर उत्पादन के साथ अच्छी आय की उम्मीद है।

अस्पताल में उपचार के दौरान युवक की मौत, नहीं पहुंचे परिजनय आज होगा पीएम

राजगढ़।सिविल अस्पताल ब्यावरा में उपचारारत एक व्यक्ति की मौत हो गई है। मृतक का कोई परिजन नहीं पहुंचा, जिसकी वजह से उसका पीएम नहीं हो सका है। देहात थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। दरअसल मृतक अब्दू सिंह गोपाल उम्र करीब 35 साल लोगों से मांगकर अपना गुजारा करता था। स्वास्थ्य खराब होने के कारण वह अस्पताल पहुंचा था, जहां उसकी मौत हो गई। अस्पताल की सूचना पर देहात थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया है। मृतक के परिजनों का अब तक कुछ पता नहीं चला है, जिसकी वजह से मंगलवार को पीएम नहीं हुआ है। कुटवार को मृतक का पीएम होने की संभावना है। इसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

निशुल्क नेत्र शिविर कल

राजगढ़। नगर के प्रसिद्ध क्रिकेट खिलाड़ी और रणवाद्य रहे स्व. उमेश सक्सेना क्लब की स्मृति में स्टार मित्र मंडल द्वारा 19 नवंबर गुरुवार को रणवाद्य एवं नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर सुबह 11 बजे से बैंक ऑफ इंडिया के सामने, गर्ल्स स्कूल के पास स्थित तात्या बॉम्बेलेस में लगेगा। इसमें रणवाद्य के साथ लोगों का नेत्र परीक्षण भी किया जाएगा। आयोजकों ने नागरिकों से शिविर में पहुंचकर रक्तदान करने और नेत्र परीक्षण कुविक का लाभ लेने की अपील की है।

चिरायता की खेती कर रहे किसान, बेहतर आय की उम्मीद

राजगढ़। किसानों को पारंपरिक खेती के साथ औषधीय एवं उच्च मूल्य वाली फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। इसी क्रम में ग्राम ओलपुर के प्रगतिशील किसान होकम सिंह नागर ने करीब दो बीघा जमीन पर चिरायता की खेती की है। फसल की बढ़वार संतोषजनक है और बेहतर उत्पादन के साथ अच्छी आय की उम्मीद है।

भतीजी के घर छोड़ने से आहत युवक की मौत, पुलिस पर रिपोर्ट दर्ज नहीं करने का आरोप

परिजनों ने तीन घंटे तक रोका पोस्टमार्टम, थाना प्रभारी को हटाने की मांग , एसडीओपी के निष्पक्ष जांच के आश्वासन पर माने

डीआर संवाददाता ✍ ब्यावरा।

मलावर थाना क्षेत्र के ग्राम खेजड़ा महाराज में 27 वर्षीय युवक की मौत के बाद मंगलवार को जमकर हंगामा हुआ। मृतक के परिजनों ने पुलिस पर भतीजी के घर से चले जाने संबंधी शिकायत दर्ज नहीं करने का आरोप लगाया। इसी मामले को लेकर गहरे पारिवारिक तनाव से जूझ रहे युवक की सोमवार रात मौत हो गई थी। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने थाना प्रभारी को मौके पर बुलाने और उन्हें पद से हटाने की मांग करते हुए करीब तीन घंटे तक शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाने से रोक दिया। बाद में नरसिंहगढ़ एसडीओपी के निष्पक्ष जांच और दोषी पाए जाने वाले पर कार्रवाई के आश्वासन के बाद परिजन शांत हुए।

मृतक की पहचान लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा (27) पिता जगन्नाथ विश्वकर्मा निवासी ग्राम खेजड़ा महाराज के रूप में हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



भतीजी के घर छोड़ने के बाद बढ़ा था तनाव

जानकारी के अनुसार, मृतक जी भतीजी रविवार रात ग्राम लखनखेड़ा निवासी एक युवक के साथ घर से चली गई थी। परिजनों का आरोप है कि युवती घर के सदस्यों को नहीं जो गोलियां देकर बाहर निकली थी। अगले दिन परिजन शिकायत लेकर मलावर थाने पहुंचे, लेकिन उनका आरोप है कि पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इसके बाद से लक्ष्मीनारायण मानसिक रूपसे से थे। सोमवार रात उनकी मौत हो गई। मंगलवार सुबह परिजनों को घटना की जानकारी मिली।

थाना प्रभारी को बुलाने और हटाने की मांग

घटना की सूचना पर मलावर थाने से पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे, लेकिन परिजनों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाने से इनकार कर दिया। तनाव बढ़ता देख कि बड़े साहब पर शिकायत दर्ज कर पुलिस कार्रवाई करती तो मिलेंगे यहां तक नहीं पहुंचती। परिजन थाना प्रभारी को घटनास्थल पर बुलाने और उन्हें तत्काल हटाने की मांग पर अड़े रहे। गांव में करीब तीन घंटे तक तनाव और हंगामे की स्थिति बनी रही।

स्थिति को देखते हुए नरसिंहगढ़ एसडीओपी सम्बन्धी पीड़ित पांच थानों के पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों से बातचीत की और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया। आश्वासन मिलने के बाद परिजन शव पोस्टमार्टम के लिए भेजने को तैयार हुए।

टीसीटीवी फुटेज और पुलिस की भूमिका की होगी जांच

एसडीओपी राजमोती उइके ने कहा कि ये दोनों पक्षों से चर्चा करने के साथ थाने पहुंचकर सीसीटीवी कैमरे और पूरे घटनाक्रम की जांच करेंगे। यदि किसी स्तर पर पुलिस की लापरवाही सामने आती है तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि युवती बालिग है और अपनी इच्छा से परिवार के साथ नहीं रहना चाहती थी, लेकिन शिकायत पर कार्रवाई में कोई लापरवाही हुई है तो उसे भी जांच में शामिल किया जाएगा।

युवती बालिग थी, अपनी मर्जी से गई , थाना प्रभारी

मलावर थाना प्रभारी भवेंद्र शर्मा ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि युवती के परिवार वाले आए थे। उनकी आपत्ति के आधार पर युवती को बुलाया गया था। युवती ने लिखित आवेदन देकर कहा था कि वह परिवार के साथ नहीं जाना चाहती, क्योंकि परिवार उसकी सगाई करना-चाहता है। युवती बालिग थी, इसलिए नियमानुसार उसे अपनी मर्जी से जाने दिया गया।

सिंचाई के लिए पानी की मांग लेकर 20 गांवों के किसान पहुंचे

कुंडालिया डेम से नेवज नदी में 15 दिन पानी छोड़ने की मांग, किसानों ने कलेक्ट्रेट



डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़।

बारिश की कमी और घटते जल स्तर गिरने से खेतों में सिंचाई का संकट गहरा गया है। इससे परेशान तलेन-पचोर के बीच नेवज नदी किनारे बसे करीब 20 गांवों के किसान मंगलवार को अपनी मांग लेकर राजगढ़ पहुंचे। किसानों ने कलेक्ट्रेट परिसर में कुंडालिया डेम से नेवज नदी में 15 दिन तक पानी छोड़ने की मांग की।

किसानों ने सबसे पहले कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई के दौरान डिप्टी कलेक्टर रोहित बामनिये को ज्ञापन सौंपा। इसके बाद वे मोहनपुरा–कुंडालिया डेम परियोजना कार्यालय पहुंचे। यहां अधिकारी संदीप दुबे से मुलाकात कर बताया कि संबंधित गांव परियोजना क्षेत्र में शामिल नहीं हैं और वहां सिंचाई के लिए कोई लाइन भी नहीं है।

फसलें सूखने का खतरा

किसानों ने बताया कि बारिश कम होने और भूजल स्तर नीचे जाने से कुओं और बोरवेल में पर्याप्त पानी नहीं बचा है। इससे गेहूं, सरसों, चना और मसूर की फसलों पर संकट गहरा रहा है। किसानों के अनुसार, मोहनपुरा डेम नहरों से करीब दूर है और किसाई लाइन भी उनके खेतों तक नहीं पहुंची है। ऐसे में नेवज नदी उनके लिए पानी का प्रमुख स्रोत है।

किसानों ने ज्ञापन से तहसीलदार और प्रशासनिक स्तर पर मांग कर नेवज नदी में लगातार 15 दिन पानी छोड़ने की व्यवस्था करने की मांग की। उनका कहना है कि इससे नदी किनारे बसे गांवों के खेतों की सिंचाई से सकेगी और कुओं तथा बोरवेल का जलस्तर भी सुधरने की उम्मीद है।

इसके बाद किसान जन–निगम तलाईया पहुंचे।

फसलें सूखने का खतरा

किसानों ने बताया कि बारिश कम होने और भूजल स्तर नीचे जाने से कुओं और बोरवेल में पर्याप्त पानी नहीं बचा है। इससे परेशान तलेन-पचोर के बीच नेवज नदी किनारे बसे करीब 20 गांवों के किसान मंगलवार को अपनी मांग लेकर राजगढ़ पहुंचे। किसानों ने कलेक्ट्रेट परिसर में कुंडालिया डेम से नेवज नदी में 15 दिन तक पानी छोड़ने की मांग की।

किसानों ने सबसे पहले कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई के दौरान डिप्टी कलेक्टर रोहित बामनिये को ज्ञापन सौंपा। इसके बाद वे मोहनपुरा–कुंडालिया डेम परियोजना कार्यालय पहुंचे। यहां अधिकारी संदीप दुबे से मुलाकात कर बताया कि संबंधित गांव परियोजना क्षेत्र में शामिल नहीं हैं और वहां सिंचाई के लिए कोई लाइन भी नहीं है।

चोरी के शक में युवक को पीटा, वीडियो सामने आने पर चार ग्रामीणों पर केस

डीआर संवाददाता ✍ खिलचीपुर



खिलचीपुर क्षेत्र में चोरी के शक में ग्रामीणों ने 45 वर्षीय युवक को पकड़कर मारपीट की। उसे उल्टीन पर लिटाकर लात-घूंसे और जूतों से पीटा गया। घटना के दौरान कुछ लोग मोबाइल से वीडियो बनाते रहे। 10 नवंबर को हुई इस घटना का वीडियो मंगलवार को सामने आने के बाद पीड़ित ने परिवार के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने चार ग्रामीणों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

खिलचीपुर से पैदल गांव लौट रहा था। रास्ते में पानकोड़ी गांव के पास वह तालाब किनारे रुका था। वहां अकेला देखकर कुछ ग्रामीण उसके पास पहुंचे। उन्होंने उससे चोरी की घटनाओं के बारे में पूछताछ शुरू की। आरोप है कि शक होने पर उसे थप्पड़ मारने लगे और फिर उल्टीन पर लिटाकर लात-घूंसे और बांस से पीटा गया।

मारपीट के दौरान ग्रामीणों ने उसका वीडियो भी बनाया। वीडियो में कुछ लोग युवक की जेब से पहचान मिलने की बात कहते सुनाई दे रहे हैं। वहीं, हेमराज के परिजनों का कहना है कि वे घटनास्थल पर नहीं थे और उनके साथ मारपीट की गलत खबर फैलाई गई।

घटना के बाद ग्रामीणों ने करीब 112 घर खाली हो गए थे। पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले गई थी। ग्रामीणों की शिकायत पर पुलिस ने पहले हेमराज और उसके साथी के खिलाफ धारा 151 के तहत कार्रवाई की थी।

मंगलवार को हेमराज ने मारपीट का वीडियो पुलिस को सौंपकर शिकायत की। इसके बाद पुलिस ने बलराम मेवाड़ा, भवानी सिंह, कमल सिंह और रूपल सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

श्मशान घाट परिसर में पेड़ पर लटका मिला 68 वर्षीय बुजुर्ग का शव

डीआर संवाददाता ✍ कचलापुर।



नगर के श्मशान घाट परिसर में मंगलवार सुबह पेड़ पर साड़ी के सहारे 68 वर्षीय बुजुर्ग का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान नगर निवासी रोहनलाल प्रजापति के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की।

जानकारी के अनुसार रोहनलाल सोमवार रात से लापता थे। मंगलवार सुबह श्मशान घाट परिसर में एक पेड़ की डाल पर उनका शव लटका दिखाई दिया। शव देखकर आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। कुछ ही देर में मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। मृतक के हाल से दूर निकलता भी दिखाई दिया।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतरवाया और ट्रैक्टर के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने पोस्टमार्टम किया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल बुजुर्ग की मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

पिता ने बेटे को डंडे से पीटा, जान से मारने की धमकी दी, मां को ठीक से रखने की बात कही थी

डीआर संवाददाता ✍ भाण्डेर।

मां को ठीक से रखने की बात कहना एक बेटे को भारी पड़ गया। गुस्साए पिता ने बेटे को साथ मारपीट कर दी। घटना में बेटे की नाक और दाहिने पैर में चोट आई। आरोपी पिता जाते जाते उसे जान से मारने की धमकी भी दे गया। मामला सामने आने के बाद पीड़ित बेटे का है।

जानकारी के अनुसार 30 वर्षीय जितेंद्र पुत्र भगवान सिंह राव ने पुलिस को बताया कि मंगलवार दोपहर करीब 4 बजे उसने अपने पिता से मां को ठीक से रखने की बात कही थी।

इसी बात पर पिता गाली-गलौच करने लगे। जितेंद्र ने इसका विरोध किया तो पिता ने डंडे से उस पर हमला कर दिया। मारपीट में जितेंद्र की नाक और दाहिने पैर में चोट आई।

घटना के बाद जितेंद्र ने अपने पड़ोसवार अपने पिता भगवान सिंह के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश, चार आरोपी गिरफ्तारय 4.20 लाख की सात मोटरसाइकिलें जब्त

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़।



जिला अस्पताल परिसर से मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के निशानदेही पर चोरी की गई सात मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं, जिनकी कुल कीमत करीब 4 लाख 20 हजार रुपये बताई गई है। गिरफ्तार आरोपियों में राजस्थान के झालावाड़ जिले के एक युवक को शामिल है।

पुलिस के अनुसार, ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी निवासी धर्मेन्द्रसिंह गुर्जर जिला अस्पताल पहुंचे थे। इस दौरान अस्पताल परिसर से उनकी मोटरसाइकिल चोरी हो गई थी। शिकायत पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज किया था।

जांच के दौरान 12 नवंबर को राजस्थान के झालावाड़ जिले के पीड़ावलेका निवासी 20 वर्षीय देवाल मीना को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में देवाल और उसके साथी कमल उर्फ लो चोरी की छह मोटरसाइकिलें बरामद हुईं।

वहीं, 25 फरवरी 2026 को जिला अस्पताल से मांगीलाल यादव की डीरो एक्सट्रीम हीलक्स बाइक चोरी हुई थी। इस मामले में पुलिस ने पहलवान सिंह तंवर को गिरफ्तार किया। पूछताछ के आधार पर उसके साथी मनोहर तंवर से एक चोरी की गोटरसाइकिल बरामद की गई। पुलिस आरोपियों से अन्य चोरी की घटनाओं और गैराजों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

बैठक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं के रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू

खंड स्तरीय समिति की बैठक में चार केंद्रों के आवेदनों और दस्तावेजों की जांच, दो कार्यकर्ता और दो सहायिकाओं के पदों पर होना है

डीआर संवाददाता ✍ सारंगपुर।



आंगनवाड़ी केंद्रों में रिक्त पदों को भरने के लिए नियुक्ति प्रक्रिया के तहत मंगलवार को जनपद सभागृह सारंगपुर में खंड स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में चार आंगनवाड़ी केंद्रों में रिक्त पदों के लिए प्राप्त आवेदनों और आवेदिकाओं द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों का परीक्षण किया गया। इनमें दो आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और दो आंगनवाड़ी सहायिकाओं के पद शामिल हैं।

बैठक में एसडीएम जय सोलंकी की उपस्थिति में समिति के सदस्यों ने आवेदिकाओं के आवेदन और उनके साथ संलग्न दस्तावेजों की जांच की। नियुक्ति प्रक्रिया के निर्धारित मापदंडों के अनुसार पात्रता का परीक्षण किया गया, ताकि चयन की प्रक्रिया नियमानुसार और पारदर्शी तरीके से पूरी की जा सके।

इस दौरान जनपद पंचायत सीईओ हेमेन्द्र रोदिल, जनपद सदस्य मंगलाल नागर और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में रिक्त पदों पर नियुक्ति से संबंधित प्रक्रिया और आवेदनों के परीक्षण पर चर्चा की गई।

आंगनवाड़ी केंद्रों के संचालन को गतिशीलता

उल्लेखनीय है कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं को जमीनी स्तर पर पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य, प्रारंभिक शिक्षा और गर्भवती महिलाओं से जुड़ी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जाता है।

कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के पद रिक्त होने से केंद्रों की नियमित गतिविधियों पर असर पड़ सकता है। ऐसे में नियुक्ति प्रक्रिया पूरी होने के बाद इन केंद्रों के संचालन को गति मिलने और विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में मदद मिलने की उम्मीद है। समिति द्वारा आवेदनों और दस्तावेजों की जांच के आधार पर आगे की चयन प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

नपा की मासिक आय 35 लाख, वेतन पर खर्च 60 लाख रुपये

हड़ताल के बाद सफाई और जल वितरण कर्मचारियों को मिला सितंबर का वेतन, अक्टूबर का भुगतान अब भी अटका

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़।



राजगढ़ नगरपालिका के करीब 310 कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल पा रहा है। किसी कर्मचारी का एक तो किसी का दो महीने का वेतन बकाया है। दीपावली से पहले वेतन भुगतान की मांग को लेकर सफाई कर्मचारियों ने तीन दिन तक हड़ताल की थी। इसके बाद सफाई और जल वितरण जैसी आवश्यक सेवाओं से जुड़े कर्मचारियों को सितंबर का वेतन दिया गया, लेकिन अक्टूबर का भुगतान अब तक नहीं हुआ है।

नगरपालिका की आर्थिक स्थिति वेतन भुगतान में बाधा बन रही है। नियमानुसार हर महीने चुंगी शुल्कवृद्धि से 10 से 12 लाख और राजस्व वसूली से अधिकतम 25 लाख रुपये की आय होती है। इस तरह कुल मासिक आय करीब 35 लाख रुपये है, जबकि कर्मचारियों के वेतन और मानदेय पर लगभग 60 लाख रुपये खर्च होते हैं। पानी हर महीने करीब 25 लाख रुपये का अंतर है। सालाना वेतन पर 7.20 करोड़ रुपये खर्च होते हैं। इसके अलावा बिजली, डीजल और रखरखाव का खर्च भी है।

वहीं वर्ष 2016 के बाद नियुक्त अस्थायी कर्मचारियों को हटाने के निर्देश पर पहले 114 कर्मचारियों को सेवा से हटाया गया था। बाद में विरोध और जनप्रतिनिधियों के दबाव के बीच इनमें से 84 कर्मचारियों को दोबारा रख लिया गया। इससे नगरपालिका पर वेतन का अतिरिक्त बोझ बढ़ा है।

सीएमओ दीनदयाल लखवाल ने कहा कि कर्मचारियों को लगातार वेतन दिया जा रहा है और बकाया राशि का भुगतान भी जल्द किया जाएगा।